संख्या- 5/2015/382/61-2015

प्रेषक,

रमाकान्त पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ दिनांक: 15 मई, 2015

विषय: कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 में सृजित विशेष कार्याधिकारी के पदो की निरन्तरता।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या- यू0ओ0-176/61-98, दिनांक 16 फरवरी, 1999 में उल्लिखित शर्तो के अधीन कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 हेतु सृजित विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों की निरन्तरता शासनादेश संख्या-367/61-2014, दिनांक 07-7-2014, के द्वारा दिनांक 30-06-2014 बढ़ाई गयी थी। पुन: विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों में से आवश्यकता के दृष्टिगत 01 पद की निरन्तरता शासनादेश संख्या-756/61-2014, दिनांक 26 नवम्बर, 2014 के माध्यम से दिनांक 28-02-2015 तक बढ़ाई गई थी। उक्त प्रकरण में पुन: सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 में सृजित विशेष कार्याधिकारी के 02 नि:संवर्गीय पदों में से 01 पद की निरन्तरता दिनांक 01-03-2015 से 30-06-2015 तक बढ़ाये जाने की कार्योत्तर/स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदान की जाती है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-41 के लेखा शीर्षक "2015-निर्वाचन-आयोजनेत्तर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना ओर मुद्रण-03-विधान सभा एवं संसद" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

3 यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या- ई-12-664 /दस- 2015, दिनांक 12-5-2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(रमाकान्त पाण्डेय)
विशेष सचिव।

संख्या: 4/2015/382(1)/61-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) महालेखकार लेखा (प्रथम)/आडिट (प्रथम), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(3) वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 सचिवालय।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12, उ0प्र0 सचिवालय।
(5) लेखाकार, कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(रमाकान्त पाण्डेय)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.upnic.in